**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 09.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा को उनके शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपना जीवन आदिवासी भाई–बहनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि उनका बलिदान और समर्पण देश के लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

********************

आज वीर बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर झारखंड सहित पूरा देश उन्हे नमन कर रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत राज्य के कई मंत्रियों और नेताओं ने रांची के बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भगवान बिरसा मुंडा के साहस और संघर्ष को प्रेरणादायक बताया।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन को सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

********************

शराब घोटाला उजागर करने वाले तत्कालीन उत्पाद आयुक्त कर्ण सत्यार्थी और फैज अक अहमद को एसीबी ने गवाही के लिए नोटिस भेजा है। वर्तमान में कर्ण सत्यार्थी जमशेदपुर और फैज अक अहमद रामगढ़ में उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं। एसीबी की टीम इनसे पूछताछ कर 38 करोड़ से अधिक के घोटाले में ठोस साक्ष्य जुटाने का प्रयास करेगी। जांच एजेंसी के अनुसार, अपने कार्यकाल में दोनों अधिकारियों ने शराब घोटाले का खुलासा किया था और कई मामलों में आपत्तियां भी दर्ज कराई थीं।

********************

झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की बैठक धनबाद मे विधायक राज सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिस में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, धनबाद डीसी, एसएसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि 2019 में पूरी हो जाने वाली कई योजनाएं अब तक अधूरी हैं, जो राज्य सरकार और अधिकारियों की लापरवाही और फंड की कमी को दर्शाती है।

**********************

धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत चतरा जिले के 18 जनजातीय बहुल गांवों की तस्वीर बदलने कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

**********************

राजधानी रांची और आस पास के क्षेत्रों में दोपहर बाद से गरज के साथ बारिश हो रही है। हालांकि राज्य के कई जिलों में आज भीषण गर्मी का प्रकोप है। इनमें धनबाद, देवघर, बोकारो, सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, पलामू, साहिबगंज और गोड्डा जिले शामिल हैं।

*******समाप्त*******